तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 11 जून 2026

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला



14 सिंगापुर में करीपाठ के प्रहलाद कैवर्त ने जीते 2…





14 प्री बीएड एवं प्री नर्सिंग प्रवेश परीक्षा आज, दो घंटे …










छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन

cgiti.admissions.nic.in

बी.एम. आई.टी.आई.

- कोपा
- इलेक्ट्रिशियन
- हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
- डीजल मैकेनिक
- फायर टेक्नालॉजी
- स्टेनो हिन्दी

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793,9340311314
9303893829,9300850065

अंतिम तिथि-15/06/26


## खबर संक्षेप

### कलेक्टर जनदर्शन में हितग्राही का 5 मिनट में बना राशन कार्ड

**बलौदाबाजार**। जिला प्रशासन द्वारा आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए आयोजित कलेक्टर जनदर्शन लोगों के लिए राहत का माध्यम बन रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर कुलदीप शर्मा दम मंगलवार को जनदर्शन में लोगों की समस्याएं सुनी। सिमगा विकासखंड के ग्राम सकरी निवासी फगनी साहू अपनी राशन कार्ड संबंधी समस्या लेकर कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचीं। उन्होंने राशन कार्ड बनवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए तत्काल खाद्य अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग द्वारा त्वरित पहल करते हुए महज 5 मिनट के भीतर फगनी साहू का राशन कार्ड तैयार कर उन्हें प्रदान कर दिया गया। अपनी समस्या का इतनी शीघ्रता से समाधान होते देख फगनी साहू ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन एवं कलेक्टर कुलदीप शर्मा के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि जनदर्शन के माध्यम से उनकी लंबे समय से लंबित समस्या का तत्काल समाधान हो गया, जिससे उन्हें शासन की जनहितकारी कार्यप्रणाली पर और अधिक विश्वास हुआ। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं का संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ निराकरण किया जा रहा है, जिससे शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंच रहा है।

### आबकारी विभाग ने तीन महीने में 49 वाहन राजसात किए

**बलौदाबाजार**। आबकारी और पुलिस ने जांच आरोपियों से अवैध शराब एवं वाहन जब्त किया है। आबकारी विभाग अब तक 49 वाहनों राजसात किया है। जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग द्वारा धारा 34(2) के तहत माह मार्च में 1 दो पहिया वाहन अप्रैल में 2 मोटर सायकल, मई में 43 दो पहिया एवं 3 चार पहिया वाहन का राज सात किया गया है। इन वाहनों का जल्द ही नीलामी की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। पुलिस विभाग द्वारा राजसात किये गये कुल 82 वाहनों की नीलामी माह अप्रैल 2026 में की गई जिससे 11 लाख 6 हजार रुपए शासन को प्राप्त हुए। इसमें 74 वाहन आबकारी विभाग की कार्रवाई एवं 8 वाहन पशु क्रूरता कार्रवाई के शामिल हैं। कलेक्टर शर्मा ने अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री तथा पशु क्रूरता पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये है। संयुक्त टीम द्वारा लगातार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जांच एवं निरीक्षण किया जा रहा है।

## जनसंपर्क : ग्रामीणों से जाना विकास पर जनमत

# मंत्री टंकराम वर्मा ने गांवों में देखी मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे घर-घर चलो अभियान के तहत कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने मंगलवार को बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और बीते 12 वर्षों में हुए विकास कार्यों को लेकर ग्रामीणों की राय जानी तथा जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

अभियान के अंतर्गत मंत्री वर्मा ने ग्राम पंचायत परसाभदेर (च), हलवाई खपरी, छुईहा, अचानकपुर, खैरी, बेमेतरा, मुडियाडीह, भरसेली, भरसेला, भाठागांव, सलौनी एवं सोनपुरी सहित कई गांवों का भ्रमण किया। उन्होंने ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों से मुलाकात कर क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की जानकारी ली तथा उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने।

मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ समाज के प्रत्येक वर्ग का विश्वास अर्जित किया है। उन्होंने कहा कि गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाकर केंद्र सरकार ने विकास और समृद्धि की नई दिशा प्रदान की है।



उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। इन योजनाओं ने गरीब, वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों को सम्मान, अधिकार और आत्मनिर्भरता का नया विश्वास दिया है। मंत्री वर्मा ने कहा कि आज देश का प्रत्येक नागरिक अपने सपनों और आकांक्षाओं को साकार होते हुए देख रहा है तथा भारत वैश्विक मंच पर एक सशक्त और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में उभर रहा है।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रविशंकर वर्मा, वरिष्ठ नेता विजय केशरवानी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि दिनेश साहू, अनिल गुप्ता, नीलम सोनी, नगर पालिका प्रतिनिधि शिव साहू (रवान), मुकेश पाल, बहादुर साहू, सेवक साहू, इंदु वैष्णव, भारत पैकरा, लखन पैकरा, प्रवीण साहू, लाल साहू, सनत पैकरा, परमानंद पैकरा, ओमप्रकाश पटेल, देवा यादव, प्यारे साहू एवं भुनेश्वर साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नगर तथा ग्राम निवेश की बैठक में विकास कार्यों का अनुमोदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 17 (क) के तहत गठित समिति की बैठक बुधवार को सांसद जांजगीर -चाम्पा कमलेश जांगड़े की अध्यक्षता में हुई। बैठक में गिरौदपुरी विकास योजना 2041, पलारी विकास योजना 2041 एवं लवन विकास योजना 2041 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। इस अवसर पर विधायक बिलाईगढ़ कविता प्राण लहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, कलेक्टर कुलदीप शर्मा उपस्थित थे। बैठक में तीनों क्षेत्र में वर्ष 2041 तक विकास योजना को दृष्टिगत रखते हुए विस्तृत चर्चा कर आवश्यक सुझाव दिये गये। विकास योजना में क्षेत्र में पर्यटन विकास, आमोद-प्रमोद के साधन, सडक, औद्योगिक एवं वाणिज्यिक अधोसंरचना, आवासीय परिसर, वृक्षारोपण आदि को शामिल किया गया है। बताया गया कि गिरौदपुरी विकास योजना अंतर्गत 7 ग्राम शामिल है जिनकी कुल जनसंख्या 10600 है। सर्वे टीम द्वारा यहां वर्ष 2041 तक की अनुमानित जनसंख्या के अनुसार विभिन्न विकास योजना तैयार किया गया है जिसमें पर्यटन विकास, आवासीय क्षेत्र एवं अन्य सुविधाएं शामिल है। इसी तरह पलारी विकास योजना अंतर्गत 1 नगर पंचायत एवं 10 ग्राम पंचायत क्षेत्र शामिल है एवं जनसंख्या लगभग 27 हजार है। लवन विकास योजना अंतर्गत 1 नगर पंचायत एवं 17 गांव की लगभग 37 हजार जनसंख्या है। बैठक में गोपी साहू अध्यक्ष नगर पंचायत पलारी, सुलोचना यादव अध्यक्ष जनपद पंचायत बलौदाबाजार, सविता यादव अध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी, कुसुम लता पैकरा अध्यक्ष जनपद पंचायत कसडोल सहित समिति के अन्य सदस्य, सरपंच एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## अर्जुनी में गंदगी से ग्रामीण परेशान, जाम नालियों से बीमारी फैलने का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

जनपद पंचायत बलौदाबाजार क्षेत्र अंतर्गत बड़े ग्राम पंचायत अर्जुनी के अधिकांश गलियों में इन दिनों गंदगी का आलम बना हुआ है। पंचायत द्वारा बनाई गई नालियों की साफ-सफाई के लिए नियमित रूप रेखा नहीं होने कारण नालियों में पानी जाम हो गया है और उससे बदबू आ रही है। जिससे ग्रामीण खास परेशान हैं। नालियों में बजबजाती गंदे पानी से महामारी फैलने की आशंका है। फिर भी ग्राम पंचायत के जिम्मेदार नालियों की साफ-सफाई के प्रति कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। जिससे ग्रामीणों व व्यापारियों में खासी नाराजगी देखी जा रही है। एक ओर जहां प्रदेश स्तर से लेकर जिला स्तर तक स्वच्छता अभियान पर जोर दिया जा रहा है। तो वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायत अर्जुनी की उदासीनता व निष्क्रियता के चलते गांव के अधिकांश मोहल्लों में बनाए गए नालियों में कीचड़ व गंदगी का आलम बना हुआ है। खासकर इस गांव में प्रत्येक गुरुवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार व रविवार को बिहारी


▶▶ शेष पेज 14 पर




### बाजार में डिस्पोजल पानी पाउच का साम्राज्य नालियां जाम



बाजार चौक में प्रतिदिन हटरी व गुरुवार व रविवार को साप्ताहिक बाजार लगता है। साप्ताहिक बाजार का ठेका इस वर्ष 6 लाख 91 हजार में हुआ है। बावजूद इस स्थान पर डिस्पोजल पानी पाउच की भरमार देखने को मिलता है। बरसात में यही डिस्पोजल पाउच नालियों को जाम करते है। जिससे आसपास के रहवासी बाजार में ग्राहकों व व्यापारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सरपंच प्रतिनिधि सुखराम ध्रुव ने कहा की साप्ताहिक बाजार का जल्द ही सफाई का कार्य कराया जायेगा।

## संडी में नकली शराब का खुलासा, नकली ढक्कन, लेबल और पैकेजिंग सामग्री जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी बंगला

- किराए के मकान से मिली संदिग्ध सामग्री, दो आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार जिले के ग्राम संडी में कथित नकली शराब कारोबार का मामला सामने आने के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों की सतर्कता और जागरूकता के चलते एक संदिग्ध गतिविधि का खुलासा हुआ, इसके बाद आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले के सामने आने के बाद शराब वितरण व्यवस्था और निगरानी तंत्र पर भी कई सवाल खड़े होने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार मंगलवार देर रात कुछ ग्रामीणों ने शराब दुकान के आसपास दो युवकों को संदिग्ध परिस्थितियों में झोले में शराब ले जाते देखा। ग्रामीणों ने जब उनसे पूछताछ की तो उन्होंने कथित रूप से बताया कि वे शराब दुकान से जुड़े एक कर्मचारी के घर से शराब लेकर आए हैं। इसके बाद ग्रामीण संबंधित किराए के मकान तक पहुंचे, जहां बड़ी मात्रा में खाली शराब की बोतलें, विभिन्न ब्रांडों के स्टीकर, ढक्कन, पैकेजिंग सामग्री तथा शराब भरने में उपयोग होने वाले अन्य संदिग्ध सामान मिलने की जानकारी सामने आई। मामले की सूचना मिलते ही आबकारी विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। विभाग द्वारा आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59(क) एवं 36 के तहत प्रकरण दर्ज कर मुरली टंडन एवं नेतराम डहरिया, निवासी इंदौरी जिला कबीरधाम, को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के दौरान 360 पाव देशी मसाला मदिरा (64.8 बल्क लीटर), 52 खाली शीशियां, 52 ढक्कन तथा लगभग 15 लीटर रंगीन तरल पदार्थ से भरा प्लास्टिक जरीकेन जब्त किया गया।



### निष्पक्ष एवं गहन जांच की मांग

सूत्रों के अनुसार मौके से नकली ढक्कन, नकली लेबल और शराब पैकेजिंग से जुड़ी अन्य संदिग्ध सामग्री भी बरामद हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने कथित रूप से शराब दुकान के सुपरवाइजर के लिए कार्य करने का दावा किया है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। आबकारी विभाग का कहना है कि जांच पूरी होने से पहले किसी भी व्यक्ति की भूमिका को लेकर निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा। घटना के बाद ग्रामीणों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने पूरे मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच, जिले की सभी शराब दुकानों के विशेष ऑडिट तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल आबकारी विभाग मामले की जांच में जुटा हुआ है और पूरे क्षेत्र की निगाहें जांच के अंतिम निष्कर्ष पर टिकी हुई हैं।

## मेंटेनेंस कार्य के चलते 5 घंटे बाधित रही विद्युत आपूर्ति

# दिनभर तपिश, शाम को बदली और तूफान फिर भी नहीं बरसे बादल, बारिश का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

बुधवार को क्षेत्र में मौसम ने कई रंग दिखाए। सुबह से ही तेज धूप और उमस ने लोगों को बेहाल किए रखा। दिनभर की तपिश के बाद शाम होते-होते आसमान में काले बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ तूफान जैसी स्थिति बनी। मौसम में आए बदलाव से लोगों को अच्छी बारिश की उम्मीद जगी, लेकिन देर शाम तक बादल बिना बरसे ही गुजर गए। कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी हुई, जिससे गर्मी और उमस से खास राहत नहीं मिल सकी। इधर, विद्युत विभाग द्वारा किए जा रहे मेंटेनेंस कार्य के कारण क्षेत्र में लगभग 5 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। लंबे समय तक बिजली बंद रहने से लोगों को गर्मी के बीच काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। घरेलू कार्य और छोटे व्यवसाय भी प्रभावित हुए।किसानों और आम नागरिकों को बारिश नहीं होने से निराशा हाथ लगी। किसानों का कहना है कि खरीफ सीजन की तैयारियों के लिए अच्छी बारिश जरूरी है। क्षेत्रवासियों को अब आने वाले दिनों में मानसून की सक्रियता और झमाझम बारिश का इंतजार है, जिससे गर्मी से राहत मिलने के साथ कृषि कार्यों को भी गति मिल सके।



## सीमेंट संयंत्र ने सेम्हराडीह में किया तालाब गहरीकरण का भूमिपूजन



**बलौदाबाजार**। ग्राम सेम्हराडीह में जल संरक्षण एवं ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से श्री सीमेंट फाउंडेशन द्वारा बड़े तालाब के गहरीकरण का कार्य विधिवत भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और इस जनहितैषी पहल का स्वागत किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में सरपंच प्रमिला वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्र वर्मा, डॉ राधेश्याम वर्मा, पिंकू ध्रुव, कीर्ति गिरी, टीकाराम ध्रूव, बेदराम यादव, रामकुमार वर्मा, गोपाल साहू, राजू गिरी एवं श्री सीमेंट फाउंडेशन की ओर से अशोक वर्मा, वीरेंद्र बघेल सहित गांव के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्र वर्मा ने कहा कि गांव के बड़े तालाब का गहरीकरण होने से वर्षा जल का अधिक मात्रा में संचयन हो सकेगा। इससे गर्मी के दिनों में भी तालाब में पानी उपलब्ध रहेगा जिसका लाभ ग्रामीणों, पशुपालकों एवं किसानों को मिलेगा। साथ ही उन्होंने श्री सीमेंट फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण विकास एवं जल संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए इस गांव के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात बताया। श्री सीमेंट फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा यह प्रयास न केवल जल संरक्षण की दिशा में एक प्रभावी कदम है, बल्कि ग्रामीण विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति संस्था की प्रतिबद्धता का भी परिचायक है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए श्री सीमेंट फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया।

# छत्तीसगढ़ में पदोन्नति योजनाएं खत्म, अब समयमान-वेतनमान व्यवस्था लागू

## सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया नया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने कर्मचारियों की पदोन्नति आधारित वेतनमान योजनाओं में बड़ा बदलाव करते हुए सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा संचालित कई विशेष पदोन्नति योजनाओं को समाप्त करने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार के अनुसार अब इन योजनाओं को वित्त विभाग की समयमान वेतनमान व्यवस्था में समाहित किया जाएगा।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 9 जून 2026 को जारी आदेश के मुताबिक शिक्षकों, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों, विभिन्न निर्माण विभागों के उपअभियंताओं तथा वन विभाग के वनक्षेत्रपालों के लिए लागू विशेष पदोन्नति वेतनमान योजनाओं की प्रभावशीलता 31 मार्च 2026 से समाप्त मानी जाएगी। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा यह आदेश शासन के सभी विभाग, राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी विभागाध्यक्ष, सभी संभागीय आयुक्त, सभी कलेक्टर, सभी जिला पंचायत सीईओ को भेजा गया है। यह भी कहा गया है कि इन निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए।

खास खबर

### नए कर्मचारियों के लिए केवल समयमान-वेतनमान

आदेश के अनुसार 1 अप्रैल 2026 या उसके बाद नियुक्त होने वाले सभी शासकीय कर्मचारियों को केवल वित्त विभाग के अंतर्गत संचालित समयमान वेतनमान योजना का लाभ मिलेगा। उन्हें पुरानी पदोन्नति आधारित योजनाओं का लाभ नहीं दिया जाएगा। यह निर्णय राज्य सरकार की उस कवायद का हिस्सा माना जा रहा है जिसके तहत विभिन्न विभागों में अलग-अलग चल रही वेतन उन्नयन व्यवस्थाओं को एक समान ढांचे में लाने की कोशिश की जा रही है।

### 31 मार्च 2026 के बाद नियुक्त कर्मचारियों को नहीं मिलेगा पदोन्नति वेतनमान



### पुराने कर्मचारियों को मिलेगा विकल्प

सरकार ने 31 मार्च 2026 तक नियुक्त कर्मचारियों को राहत देते हुए उन्हें एक विकल्प देने का फैसला किया है। ऐसे कर्मचारी पदोन्नति वेतनमान और समयमान वेतनमान में से जो व्यवस्था उनके लिए अधिक लाभकारी हो, उसका चयन कर सकेंगे। हालांकि उन्हें दोनों योजनाओं का लाभ एक साथ नहीं मिलेगा।

### एक बार चुना विकल्प बदला नहीं जा सकेगा

सरकार ने स्पष्ट किया है कि कर्मचारी द्वारा चुना गया विकल्प अंतिम और अपरिवर्तनीय होगा। भविष्य में उच्चतर वेतनमान का लाभ भी उसी विकल्प के आधार पर तय किया जाएगा। कर्मचारियों को आदेश जारी होने की तारीख से एक माह के भीतर अपना विकल्प सक्षम प्राधिकारी को देना होगा। यदि निर्धारित अवधि में विकल्प प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो यह माना जाएगा कि संबंधित कर्मचारी पुरानी पदोन्नति योजना में बने रहना चाहता है। इसके बाद प्राप्त होने वाले विकल्पों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### विभागों से मांगे जाएंगे नए प्रस्ताव

आदेश में यह भी कहा गया है कि जिन विभागों के कुछ पद अभी समयमान वेतनमान योजना में शामिल नहीं हैं, वे संबंधित प्रस्ताव वित्त विभाग को भेजेंगे ताकि उन्हें भी इस व्यवस्था के दायरे में लाया जा सके।

### क्या है इस फैसले का महत्व?

राज्य सरकार के इस निर्णय से वर्षों से विभिन्न विभागों में अलग-अलग नियमों के तहत चल रही पदोन्नति वेतनमान योजनाओं का दायरा सीमित हो जाएगा। नई नियुक्तियों के लिए वेतन उन्नयन का आधार पूरी तरह समयमान वेतनमान होगा, जबकि पुराने कर्मचारियों को अपने हित के अनुसार व्यवस्था चुनने का अवसर दिया गया है। इससे भविष्य में वेतन निर्धारण और सेवा शर्तों में एकरूपता आने की संभावना है।

## खबर संक्षेप



### पोलियो से बचाव के लिए 28 को अभियान, 3.45 लाख बच्चों को पिलाएंगे दवा

**रायपुर।** पोलियो से बचाव के लिए तीन दिनी अभियान चलाया जाएगा। 28 जून को 1331 बूथ में दवा पिलाने के बाद 29 और 30 जून को मॉपअप राउंड के माध्यम से घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। जिले में 3 लाख 45 हजार 373 बच्चों को खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। अभियान की तैयारियों को लेकर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की अध्यक्षता में रेडक्रॉस सभा कक्ष, कलेक्टोरेट परिसर रायपुर में अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक हुई। उन्होंने निर्देश दिए कि चिन्हित आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों, पंचायत भवनों एवं अन्य स्थलों पर पूर्व वर्ष की भांति बूथ स्थापित किए जाएं। अभियान के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं। सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया कि जिले में कुल 1331 पोलियो बूथ बनाए जाएंगे। प्रत्येक बूथ पर 4 टीकाकर्मी ड्यूटी पर रहेंगे, जो दो टीमों में विभाजित होकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगे। जिले में कुल 3 लाख 45 हजार 373 बच्चों को खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। अभियान दिवस पर किसी कारण से छूटने वाले बच्चों को दूसरे और तीसरे दिन स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर भ्रमण कर पोलियो की खुराक पिलाएगी।

### स्कूल के पीछे चल रही अवैध मटन-चिकन दुकान का शेड ढहाया, सामान जब्त

**रायपुर।** राजधानी के तेलीबांधा क्षेत्र में जेआर नायडू स्कूल के पीछे अवैध रूप से संचालित अवैध चिकन-मटन की दुकान पर मंगलवार को नगर निगम जोन 3 के नगर निवेश विभाग ने कार्रवाई की। लोगों की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए अमले ने अभियान चलाकर दुकान के टिन शेड को जेसीबी मशीन की सहायता से तोड़ने हुए वहां रखे सामान की जब्ती कर स्कूल क्षेत्र से अवैध रूप से संचालित अवैध चिकन-मटन दुकान को हटा दिया। जोन 3 कमिश्नर प्रीति सिंह के मार्गदर्शन में कार्यपालन अभियंता ईश्वरलाल टावरे, सहायक अभियंता नरेश साहू, उप अभियंता अक्षय भारद्वाज की उपस्थिति में तेलीबांधा में जेआर नायडू स्कूल के पीछे संचालित अवैध चिकन-मटन दुकान को मशीन से तोड़कर जन शिकायत दूर की।

राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में दोनों उपमुख्यमंत्रियों और परिवहन मंत्री ने की समीक्षा

# तकनीक, प्रशिक्षण और सख्त निगरानी से सड़क हादसों पर लगाम की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए तकनीक आधारित निगरानी, बेहतर चालक प्रशिक्षण, वाहनों की वैज्ञानिक फिटनेस जांच और यातायात नियमों के प्रभावी पालन पर सरकार ने विशेष जोर दिया है। मंत्रालय में आयोजित राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा तथा परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा कर अधिकारियों को प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में विधायक अनुज शर्मा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए आधुनिक वाहन फिटनेस केंद्रों, ई-ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक, एएनपीआर कैमरों और स्पीड मॉनिटरिंग सिस्टम का विस्तार किया जा रहा है। जनवरी से मई 2026 तक 31 हजार 604 वाहनों की फिटनेस जांच की गई, जबकि 61 हजार से अधिक चालान तकनीकी निगरानी तंत्र के माध्यम से जारी किए गए।

## 61 हजार चालान और 31 हजार से अधिक वाहनों की फिटनेस जांच




### सड़क सुरक्षा सामूहिक जवाबदेही : साव



उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जवाबदेही है। दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सड़क इंजीनियरिंग, प्रभावी प्रवर्तन और जन-जागरूकता के समन्वित प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने दुर्घटना संभावित स्थलों की नियमित समीक्षा कर आवश्यक सुधारात्मक उपाय सुनिश्चित करने तथा जागरूकता अभियानों को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया।

### जनहानि रोकना प्राथमिकता : शर्मा



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली जनहानि रोकना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से यातायात नियमों के पालन को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने प्रवर्तन एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय तथा नियमों के उल्लंघन पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही युवाओं और विद्यार्थियों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल दिया।

### तकनीक, प्रशिक्षण पर जोर- कश्यप

परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए तकनीक, प्रशिक्षण, जन-जागरूकता और प्रभावी प्रवर्तन व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार सुरक्षित यातायात व्यवस्था विकसित करने तथा सड़क सुरक्षा को जनभागीदारी का अभियान बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को सड़क सुरक्षा कार्यक्रमों की नियमित समीक्षा और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



### 31 हजार 606 वाहनों की फिटनेस जांच

बैठक में जानकारी दी गई कि रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर, जगदलपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, कोरबा, जांजगीर-चांपा और रायगढ़ सहित विभिन्न जिलों में संचालित आधुनिक फिटनेस केंद्रों में जनवरी से मई 2026 के दौरान 31 हजार 604 वाहनों की फिटनेस जांच की गई है। सुरक्षित और कुशल ड्राइविंग को बढ़ावा देने के लिए कई जिलों में ई-ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक संचालित किए जा रहे हैं, जबकि वित्तीय वर्ष 2026-27 में आठ नए जिलों में इनके निर्माण की प्रक्रिया जारी है। बिलासपुर और जगदलपुर में क्षेत्रीय ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र तथा 14 जिलों में ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर संचालित किए जा रहे हैं।

### 2 लाख 68 हजार 316 वाहनों में स्पीड गवर्नर

प्रदेश में यातायात नियमों के प्रभावी पालन के लिए 174 एएनपीआर कैमरे और सात लिडार आधारित स्पीड कैमरे स्थापित किए गए हैं। इनके माध्यम से जनवरी से मई 2026 तक 61 हजार से अधिक चालान जारी किए गए। वहीं सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अब तक 2 लाख 68 हजार 316 वाहनों में स्पीड गवर्नर लगाए जा चुके हैं। नवा रायपुर स्थित आईडीटीआर में वाहन चालकों को आधुनिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वर्ष 2025 में 15 हजार 779 तथा वर्ष 2026 में अप्रैल तक 4 हजार 64 वाहन चालकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। यातायात नियमों के उल्लंघन पर जनवरी से अप्रैल 2026 तक 2.86 लाख वाहनों से 62.21 करोड़ रुपये का शमन शुल्क वसूला गया है। गंभीर उल्लंघनों के मामलों में वर्ष 2025-26 के दौरान 7 हजार 434 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित अथवा निरस्त किए गए हैं।

# खाद-बीज की किल्लत और किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ कल कलेक्टर का घेराव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जोरा मंडल की बैठक में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों को समय पर यूरिया, डीएपी, पोटाश एवं अन्य आवश्यक उर्वरक उपलब्ध कराने में पूरी तरह विफल रही है। खरीफ सीजन प्रारंभ होने के बावजूद किसान खाद-बीज के लिए समितियों और बाजारों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

▪ जिला कांग्रेस कमेटी की जोरा मंडल की बैठक में निर्णय

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि किसानों की समस्याओं एवं भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के विरोध में 11 जून गुरुवार को प्रातः 11 बजे रायपुर कलेक्टर कार्यालय का घेराव एवं प्रदर्शन किया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, भाजपा सरकार किसानों के हितों की रक्षा करने में पूरी तरह असफल साबित हुई है। प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया, डीएपी, पोटाश तथा गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। सरकार केवल घोषणाएं कर रही है, जबकि धरातल पर किसान परेशान हैं।

### ये थे मौजूद

*बैठक में पूर्व विधायक अनीता शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस उधो वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धरसीवा के अध्यक्ष आशीष वर्मा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंकित वर्मा, जयंत साहू, भावेश बघेल, डोमेश्वरी वर्मा, हरिशंकर निषाद, कमल भारती, जोरा मंडल के अध्यक्ष रंजीत गायकवाड, जनपद सदस्य बरखा लोकेश साहू, दीपा साहू, खेम देवांगन, जनक खेलवार, अरुण लहरी, जागेश्वर कुर्रे, गंगाराम चेलक, सुभाष कुर्रे, प्रदीप पुरी गोस्वामी, मनहरण साहू, सैकड़ो की संख्या में धरसींवा विधानसभा एवं जोरा मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*

# स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था की दिशा में बड़ा कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कैबिनेट में राज्य के चार प्रमुख शहरों में 240 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के निर्णय का परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार नागरिकों को सुरक्षित, सुलभ और आधुनिक सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार काम कर रही है। कैबिनेट के इस निर्णय से शहरी परिवहन व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। परिवहन मंत्री ने कहा, इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। वहीं प्रदूषण में कमी लाने और स्वच्छ पर्यावरण को बढ़ावा देने में भी यह पहल महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। राज्य सरकार का प्रयास है कि सार्वजनिक परिवहन को अधिक सुविधाजनक, भरोसेमंद और पर्यावरण के अनुकूल बनाया जाए। ई-बसों के संचालन से शहरों में आवागमन आसान होगा तथा आम नागरिकों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त परिवहन सेवा का लाभ मिलेगा।

▪ सार्वजनिक परिवहन को नई रफ्तार, चार शहरों में दौड़ेंगी 240 ई-बसें – कश्यप

### परिवहन क्षेत्र में लगातार कर रही सुधार

परिवहन मंत्री ने कहा, सरकार परिवहन के क्षेत्र में लगातार नवाचार और सुधार कर रही है। 240 ई-बसों का संचालन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे प्रदेश के नागरिकों को बेहतर, सुरक्षित और आधुनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी।

# स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी का आईपीओ विद्युत मंडल को बेचने की साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



साय मंत्रीमंडल द्वारा राज्य के पावर ट्रांसमिशन कंपनी को स्टाक मार्केट में लिस्टेड करने के निर्णय का कांग्रेस ने विरोध किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, साय सरकार प्रदेश के स्वामित्व वाली सरकारी कंपनी को शेयर मार्केट में लिस्टेड करके शेयर के माध्यम से उसको निजीकरण की ओर ले जाने का प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की विद्युत कंपनियां आत्मनिर्भर हैं तथा बिजली बनाने का पूरा संसाधन राज्य के पास उपलब्ध है। राज्य में बनने वाली बिजली को वितरण का काम पावर ट्रांसमिशन कंपनी के पास है। सरकार इसका शेयर निकालकर उद्योगपतियों को पिछले दरवाजे से बेचने का प्रयास कर रही है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि राज्य विद्युत वितरण कंपनी को अडानी को सौंपने के उद्देश्य से इसका शेयर निकाला जा रहा है।

### किसानों को झूठा प्रलोभन

उन्होंने कहा, मंत्रिमंडल ने खरीफ फसल में 15000 देने का निर्णय किसानों से छलावा है। प्रदेश के 99 प्रतिशत किसान खरीफ में धान की फसल लेते हैं। धान की फसल छत्तीसगढ़ के किसानों के लिये जीवन आधार है। धान की फसल के लिये रासायनिक खाद की व्यवस्था नहीं कर पा रही साय सरकार खरीफ की फसल से धान के अलावा अन्य फसल लेने पर 15000 रुपए प्रति क्विंटल देगी। प्रश्रय राशि देने की घोषणा कर किसानों को झूठा प्रलोभन दे रही है।

# पीएम मोदी के 12 साल पूरे होने पर आज भाजपा करेगी प्रदेश में हर विधानसभा के मंदिरों में पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में बुधवार को 12 साल पूरे होने पर भाजपा संगठन ने प्रदेश में विधानसभा स्तर पर मंदिरों में सुबह से लेकर रात तक पूजा-अर्चना का कार्यक्रम रखा है। इसमें प्रदेश के मंत्री, विधायक, सांसद, जन प्रतिनिधियों के साथ भाजपा के नेता भी शामिल होंगे। राजधानी की चारों विधानसभाओं के साथ ही मंडल स्तर पर मंदिरों में आयोजन किया गया है।

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने पर भाजपा का राष्ट्रीय संगठन देश भर में पखवाड़े भर आयोजन कर रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश भाजपा संगठन भी यहां पर लगातार आयोजन कर रहा है। पर्यावरण दिवस से कार्यक्रमों का



आगाज हुआ है। इसके बाद से लगातार कार्यक्रम हो रहे हैं।

### राजधानी में तीन दर्जन मंदिरों में आयोजन

राजधानी रायपुर की चार विधानसभाओं में तो आयोजन हो रहे हैं। लेकिन इसी के साथ रायपुर के 20 मंडलों में भी आयोजन किया जा रहा है। कुल मिलाकर तीन दर्जन से ज्यादा मंदिरों में पूजा-अर्चना का कार्यक्रम रखा गया है। रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा ने बताया विशेष पूजा-अर्चना एवं मंगलकामना कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक गायत्री नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर किया गया है। रायपुर दक्षिण के विधायक सुनील सोनी द्वारा काली माता मंदिर में पूजा-अर्चना का आयोजन 11.00 बजे रखा गया है। रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने महादेव घाट में शाम को छह बजे खारून आरती का आयोजन किया है। रायपुर ग्रामीण में भी आयोजन रखा गया है।

### हर विधानसभा में आयोजन

प्रदेश भाजपा के नेताओं के मुताबिक हर विधानसभा में मंदिरों में पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया है। जहां विधानसभा में एक बड़ा आयोजन होगा, वहीं विधानसभा के मंडलों, शक्ति केंद्रों और बूथों के भी मंदिरों में कार्यकर्ता पूजा-अर्चना का आयोजन करेंगे। प्रदेश संगठन से जुड़े मोर्चा और प्रकोष्ठ द्वारा भी अलग से आयोजन किया जा रहा है। महिला मोर्चा की अध्यक्ष विभा अवस्थी ने बताया महिला मोर्चा द्वारा प्रदेश भर के प्राचीन मंदिरों में पूजा-अर्चना का कार्यक्रम रखा गया है।

# इंडियन ऑयल के प्रदेश मुख्यालय का कांग्रेस ने किया घेराव

## पेट्रोल-डीजल, गैस के दाम बढ़ने पर जताया आक्रोश, प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में गैस के दाम में किए गए दो माह में 90 रुपए की वृद्धि, रसोई गैस, पेट्रोल ,डीजल की पंपों और एजेंसियों में अनउपलब्धता तथा महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने इंडियन आयल के प्रदेश मुख्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान इंडियन ऑयल एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों को केंद्र और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर ने मोदी सरकार द्वारा उज्ज्वला योजना के सिलेंडर को 9 की जगह मात्र 4 सिलेंडर एक वर्ष में दिए जाने की घोषणा के ख़िलाफ़ और मोदी सरकार के कदमों को आम जनता के साथ धोखा बताया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के



कार्यकाल को याद कराते कहा, उस दौर में भी मंदी थी और पूरा विश्व इसकी चपेट में था, लेकिन सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण भारत उस प्रकोप से बचा रहा। आज मोदी की सरकार ने 12 साल में अर्थव्यवस्था को चौपट कर दिया है। आज अमीर हो या ग़रीब सभी आर्थिक तंगी के कारण परेशान हैं। राशन, पेट्रोल, डीजल, यात्रा, खाद्य पदार्थ सहित हर चीज का दाम बढ़ता जा रहा है और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।

### जनता को लूटने का हो रहा काम

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने मोदी सरकार को महंगाई बढ़ाने और आम आदमी की कमर तोड़ने वाली नीतियां बनाने का आरोप लगाया। पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने केंद्र एवं राज्य शासन पर आरोप लगाया की सरकारें चुनाव के पहले आम जनों को वोट बटोरने के लिए नए नए सब्जबाग दिखाती है और चुनाव जीत जाने के बाद नए नए तरीके से जनता को लूटने का काम करती हैं।

### ये रहे उपस्थित

प्रदर्शन में शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर, कुलदीप जुनेजा, प्रमोद दूबे, विकास उपाध्याय, पंकज शर्मा, देवेंद्र यादव, सुंदर जोगी, किरण सिन्हा, सुशांत डे, प्रशांत ठेंगड़ी, दिनेश ठाकुर, सचिन अग्रवाल, डॉ. अनुराम साहु, राकेश धोत्रे, अरुण जघेल, कमलाकांत शुक्ला, अभिनय दुबे, इरफान कुरैशी, दीपक चौबे, सुरेश जैन, सुरेश धीवर, राज देवांगन, सौरभ तिवारी, अनिल रायचूरा, कृष्णकांत साहू, जीतू भारती, वास्टो बेहरा, नंदू सिन्हा, सत्तू सिंह, विजय कुमार टंडन, हिरेंद्र देवांगन, विनोद सिंह ठाकुर, ओम श्रीवास, सुधा सरोज, मिलिंद गौतम, सुजीत सिंह, कमल धतलहरे आदि उपस्थित थे। प्रदीप देवांगन, अर्पण संचेती, ईश्वर चक्रधारी, महेंद्र सेन, संजय सोनी, अमित कोसरिया, जितेंद्र यादव, मोहसिन खान, राजू दुबे, श्रीनाथ भोगल, प्रवेश लखवानी, सुरेश बुधवानी, हेमु डेकाडे, सागर टांडी, महेंद्र चंद्राकर, धनेश बंजारे, राजकुमार साहू, मनोज सोनकर, देव दीवान कुर्रे, राधे नायक, गावेश साहू, सुनील दीप, तबस्सुम डिंपल खान, ललित ओझा सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सरकार ने किसानों के लिए खोला पिटारा, धान छोड़ वैकल्पिक फसल उगाने पर मिलेंगे 15 हजार रुपए

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय में आयोजित कैबिनेट की बैठक में कृषि क्षेत्र से जुड़ा बड़ा फैसला लिया गया। राज्य सरकार ने खरीफ 2026 से लागू होने वाली "कृषक उन्नति योजना" के नए स्वरूप को मंजूरी दे दी है। योजना के तहत अब किसानों को धान की जगह दूसरी फसलें उगाने पर प्रति एकड़ 15 हजार रुपए की आदान सहायता दी जाएगी। सरकार का उद्देश्य राज्य में फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना, धान पर अत्यधिक निर्भरता कम करना और किसानों की आय में वृद्धि करना है। नई योजना के तहत दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी और कपास जैसी फसलों को प्रोत्साहित किया जाएगा। कैबिनेट के फैसले के अनुसार, जो किसान खरीफ सीजन में धान की जगह वैकल्पिक फसलें उगाएंगे, उन्हें प्रति एकड़ 15 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसमें मुख्य रूप से दलहन और तिलहन के साथ-साथ मोटे अनाज और कपास जैसी फसलें शामिल हैं। सरकार का मानना है कि इससे किसानों को बेहतर बाजार विकल्प मिलेंगे और खेती अधिक लाभकारी बन सकेगी।






राकेश श्रीवास संकलनकर्ता : राकेश श्रीवास, सिमगा, मो. 930069088, 9589914433, कुणाल श्रीवास कुणाल श्रीवास

## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी केंद्र में प्रवेश उत्सव व ईसीसीई दिवस मनाया



**पलारी।** पलारी नगर के शहीद भगत सिंह वार्ड क्रमांक 14 में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 03 में प्रवेश उत्सव व ईसीसीई दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों का गुलाल, टीका लगाकर आरती कर बच्चो को पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया। उक्त कार्यक्रम में पार्षद डोमार सिंह वर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रभावती कोसले, सहायिका धीवर, मितानिन सुनीता वर्मा बड़ी संख्या में बच्चे व वार्डवासी उपस्थित थे।

### दैनिक श्रमिकों की बैठक में ईपीएफ सहित मूलभूत श्रमिक अधिकारों की मांग

**रायपुर।** विधानसभा रोड स्थित शहीद उद्यान में मंगलवार को सर्व विभागीय दैनिक श्रमिक कल्याण संघ, छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में उद्यानिकी विभाग के दैनिक श्रमिकों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में उद्यानिकी विभाग के 15-20 वर्षों से कार्यरत दैनिक श्रमिकों ने बड़ी संख्या में संगठन की सदस्यता ग्रहण करते हुए अपने श्रम अधिकारों की लड़ाई को संगठित रूप से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। श्रमिकों ने बताया कि वर्षों से विभाग में निरंतर सेवा देने के बावजूद उन्हें कर्मचारी भविष्यनिधि (ईपीएफ), श्रम सम्मान राशि, साप्ताहिक अवकाश, प्रस्तुति अवकाश, अनुकम्पा सहायता तथा अन्य वैधानिक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है। संगठन ने शासन एवं प्रशासन से मांग की कि लोक निर्माण विभाग में चल रही ईपीएफ कार्यवाही के अनुरूप उद्यानिकी विभाग सहित समस्त विभागों के पात्र दैनिक श्रमिकों को भी शीघ्र ईपीएफ का लाभ प्रदान किया जाए।

### शहीद विद्याचरण शुक्ल की पुण्यतिथि कल

**रायपुर।** लभांडी स्थित राधेश्याम भवन में 11 जून को सुबह 9 बजे शहीद पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्व. पं. विद्याचरण शुक्ल की पुण्यतिथि मनाई जाएगी। इसी दौरान सुबह 11 बजे पं. विद्याचरण शुक्ल उद्यान, नगर पालिक निगम मुख्यालय रायपुर के सामने उनके चित्र एवं प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई जाएगी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद के संरक्षक, पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद के सचिव व प्रवक्ता नितिन कुमार झा ने बताया कि छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा समस्त शुक्ल समर्थक श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### साहू समाज के सदस्यों ने प्रदेशभर में किया पौधारोपण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू के प्रदेशव्यापी पौधारोपण अभियान के आव्हान पर गत दिनों आईटी सेल प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों एवं सामाजिकजनों द्वारा पौधे लगाए गए। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं जल संवर्धन का संदेश देते हुए समाज के सभी सदस्यों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आईटी सेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक द्वारिका साहू, राष्ट्रीय युवा सचिव मनीष कुमार साहू, सुखुराम साहू, सेवन साहू, मुन्ना साहू, भीष्म साहू, ओम साहू, नीतीश साहू, शिव साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित रहे।

## निधन

### देवीबाई वाधवानी

**बलौदाबाजार।** सिंधी कॉलोनी निवासी देवीबाई वाधवानी का निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार 10 जून को रायपुर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। स्व. वाधवानी अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। शोक संतप्त परिवार में उनके पुत्र राजेश वाधवानी, भतीजे सुनील वाधवानी, दीपक वाधवानी, दौलत वाधवानी एवं नंदलाल वाधवानी, पौत्र सन्नी वाधवानी एवं आकाश वाधवानी सहित समस्त वाधवानी परिवार शामिल हैं।

# सिंगापुर में करीपाठ के प्रहलाद कैवर्त ने जीते 2 स्वर्ण सहित 4 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

जिले के ग्राम करीपाठ के प्रतिभाशाली मास्टर एथलीट प्रहलाद कैवर्त ने सिंगापुर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मास्टर ट्रैक एंड फील्ड एथलेटिक चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र, जिला और प्रदेश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। उन्होंने प्रतियोगिता में 2 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य पदक जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल की। 6 से 7 जून तक सिंगापुर के इंटरनेशनल एथलेटिक स्टेडियम में आयोजित इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में विश्व के 15 से अधिक देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ से छह खिलाड़ियों का चयन हुआ था, जिनमें सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के ग्राम करीपाठ निवासी प्रहलाद कैवर्त, पिता स्व. अंत राम कैवर्त, ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चार पदक अपने नाम किए। प्रहलाद कैवर्त की उपलब्धियां- ट्रिपल जंप – स्वर्ण पदक, 4×100 मीटर रिले रेस – स्वर्ण पदक, लंबी कूद – रजत पदक, 200 मीटर दौड़ – कांस्य पदक प्रहलाद कैवर्त ने अपनी सफलता का श्रेय छत्तीसगढ़ मास्टर एथलेटिक संघ के संस्थापक मो. नबी मोहम्मद तथा टीम मैनेजर एवं कोच गुलाब नंद के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करना और पदक जीतना उनके जीवन की बड़ी उपलब्धियों में से एक है।

**चैंपियनशिप में विश्व के 15 से अधिक देशों के खिलाड़ियों ने लिया भाग**




### क्षेत्र में खुशी की लहर

उन्होंने संघ के पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों तथा सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निरंतर मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से ही यह सफलता संभव हो सकी। क्षेत्र में खुशी की लहर प्रहलाद कैवर्त की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, खेल अधिकारियों, शिक्षकों और मास्टर एथलेटिक संघ के सदस्यों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। राजकुमार जांगड़े, जिला क्रीड़ा अधिकारी कौशल ठेठवार, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी फकीरा यादव, विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी महेश लहरे, रामकुमार साहू प्राचार्य, यशपाल यादव, उत्तम देवांगन, राकेश यादव, सरपंच प्रतिनिधि अमृत लाल साहू, झाड़ूराम बारले, मनोहर लाल साहू, दिलेश कुमार साहू, शिवप्रसाद जायसवाल सहित अनेक खेल प्रेमियों और सामाजिक जनप्रतिनिधियों ने इस उपलब्धि को जिले के लिए गौरवपूर्ण बताया है।

**आयोजन : दोनों परीक्षाओं में 1900 से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल**

# प्री बीएड एवं प्री नर्सिंग प्रवेश परीक्षा आज, दो घंटे पहले पहुंचना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा प्री बी.एड और प्री नर्सिंग की परीक्षाएं प्रदेश भर में 11 जून को आयोजित की जा रही हैं। सीजी व्यापम द्वारा परीक्षार्थियों से परीक्षा केंद्र में परीक्षा शुरू होने के 2 घंटे पहले पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बुधवार को अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में प्री बी.एड और प्री नर्सिंग परीक्षाओं की तैयारियों की समीक्षा की। डीके कॉलेज में आयोजित ब्रीफिंग में उन्होंने केंद्र अध्यक्षों, पुलिसकर्मियों और ऑब्जर्वरों को परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने केंद्र अध्यक्षों से कहा कि वे गंभीरता के साथ प्रशिक्षण पूर्ण करें। प्रशिक्षण देने का उद्देश्य यही है कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो, इसलिए ड्यूटी के दौरान पूरा एकाग्रचित्त होकर अलर्ट मोड में काम करें।उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र में प्रवेश के दौरान क्या नहीं करना है और क्या करना है की सूची अनिवार्य रूप से चस्पा की जाए।

व्यापम द्वारा जारी दिशा निर्देश अनुसार ड्रेस कोड का कड़ाई से पालन कराया जाए। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र के




प्रत्येक परीक्षा कक्ष में अनिवार्य रूप से घड़ी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और घड़ी का समय सही से मिलान कर लिया जाए ताकि परीक्षार्थियों को समय देखने में किसी प्रकार की समस्या न हो और वे समय पर अपना पेपर पूरा कर सकें।

फ्रिस्किंग के दौरान अभ्यर्थियों के साथ शालीनता और संवेदनशीलता से व्यवहार किया जाए जिससे उन्हें असहजता न हो। साथ ही अगर किसी विद्यार्थी से कोई त्रुटि हो जाती है या कोई वर्जित सामग्री में साथ पकड़ा जाता हैज तो उससे परीक्षा हॉल से अलग ले जाकर कार्यवाही करें ताकि अन्य विद्यार्थी इससे प्रभावित न हों और उनका ध्यान परीक्षा से न भटके।परीक्षा में बैठने के लिए परीक्षार्थियों को परीक्षा के दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र में उपस्थित होना अनिवार्य है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्र में अनाउंसमेंट जरूर कराया जाए, ताकि कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा से छूट न जाए। दिशा निर्देश अनुसार परीक्षार्थी हल्के रंग के कपड़े पहनकर आएं, गहरे काले, गहरे नीले, भूरे या गहरे बैंगनी रंग के वस्त्र वर्जित रहेंगे। जूते पहनकर आना मना है, केवल चप्पल की अनुमति होगी। परीक्षार्थी गहने-जेवर नहीं पहनें और फुल आस्तीन के स्थान पर आधी आस्तीन के कपड़े पहनें। परीक्षा में किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर, मोबाइल, हेड फोन या अन्य चीजें ले जाना अनुमति नहीं होगी। निर्देशों का प्लान न करने पर कड़ी कार्रवाई की जा सकती है।परीक्षार्थी को पहचान पत्र यथा आधार,एपिक,ड्राइविंग लाइसेंस की मूल प्रति लेकर आना अनिवार्य है।

### दो पुलिसकर्मी सहित 80 से अधिक अधिकारियों-कर्मचारियों की लगाई ड्यूटी

जिले में 11 जून को आयोजित प्री बी.एड और प्री नर्सिंग परीक्षा के लिए कुल 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्री बी.एड की परीक्षा में 1814 परीक्षार्थी और प्री नर्सिंग की परीक्षा में 980 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा की सुचारू व्यवस्था के लिए एक नोडल, दो सहायक नोडल, केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष, हर केंद्र में एक-एक प्रशासनिक ऑब्जर्वर, परीक्षा समन्वयक की ओर से ऑब्जर्वर, जाँच हेतु प्रत्येक केंद्र में दो पुलिसकर्मी सहित 80 से अधिक अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा प्रत्येक परीक्षा कक्ष में हर 12 परीक्षार्थियों पर एक इनविजिलेटर तैनात रहेगा। प्री बी.एड के लिए कुल 1814 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। दाऊ कल्याण सिंह कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय (डीके कॉलेज) बलौदाबाजार में 360 परीक्षार्थी, मिनी माता गर्ल्स कॉलेज बलौदाबाजार में 360, स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम शासकीय पं. चक्रपाणी शुक्ल बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदा बाजार में 360, पं. लक्ष्मी प्रसाद तिवारी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नए ऑडिटोरियम अम्बेडकर चैक रायपुर रोड लोहा बाड़ा के पास बलौदाबाजार में 240, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार में 240 और गुरुकुल इंग्लिश मीडियम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार में 254 परीक्षार्थी बैठेंगे। वहीं प्री नर्सिंग परीक्षा के लिए कुल 980 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रिसदा बलौदा बाजार में 300 परीक्षार्थी, शासकीय हाई स्कूल सकरी बलौदा बाजार में 180, अम्बुजा विद्यापीठ रवान जिला बलौदाबाजार में 360 और शासकीय जी.एन.ए. स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा जिला बलौदाबाजार में 140 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

# उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम परीक्षा में शामिल करने मांग रहे अतिरिक्त राशि

**रायपुर।** बीएड छात्रों से अतिरिक्त पैसे लिए जाने संबंधित मामले को लेकर छात्रों ने मंगलवार को रावतपुरा सरकार विवि का घेराव किया। छात्रों ने आरोप लगाया है कि विवि द्वारा संचालित ऑप्टोमेट्री पाठ्यक्रम एवं बीएड में अध्ययनरत विद्यार्थियों से अवैध वसूली की जा रही है। श्री रावतपुरा सरकार विवि द्वारा विगत कई वर्षों से ऑप्टोमेट्री पाठ्यक्रम का संचालन किया जा रहा है, जबकि संबंधित पाठ्यक्रम की मान्यता को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े हुए हैं। पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं वर्षों से अपने रजिस्ट्रेशन नंबर प्राप्त करने के लिए भटक रहे हैं। एनएसयूआई ने कहा, इस संबंध में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा 59 विद्यार्थियों को रजिस्ट्रेशन प्रदान करने का आदेश भी दिया जा चुका है। लेकिन आदेश पारित होने के लगभग तीन वर्ष बाद भी विद्यार्थियों को रजिस्ट्रेशन नंबर उपलब्ध नहीं कराया गया है। विवि प्रशासन द्वारा भी इस विषय में संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा रहा है। छग पैरामेडिकल काउंसिल द्वारा स्पष्ट किया गया है कि श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय को ऑप्टोमेट्री पाठ्यक्रम संचालन की मान्यता प्राप्त नहीं है।



### विवि नियामक आयोग से जांच की मांग

प्रदर्शनकारी छात्रों ने कहा, विश्वविद्यालय में बीएड के ऐसे छात्र-छात्राओं, जिनकी उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम है, उन्हें परीक्षा में शामिल करने के नाम पर लगभग 60 हजार रूपए तक की भारी राशि वसूली जा रही है। एनएसयूआई ने राज्य शासन, उच्च शिक्षा विभाग एवं संबंधित नियामक संस्थाओं से मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा प्रभावित विद्यार्थियों को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की है। एनएसयूआई के ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं के अतिरिक्त विश्वविद्यालयीन छात्र भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# सेवा और संस्कारों से ही होता है समाज का निर्माण

**भाटापारा।** नगर भवन में मंगलवार देवांगन समाज के नव-निर्वाचित अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण हुआ। मुख्य अतिथि शिवरतन शर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

शिवरतन शर्मा ने कहा, देवांगन समाज सदैव सेवा, परिश्रम, सद्भाव और संस्कारों के मार्ग पर अग्रसर रहा है। आज यहां समाज की एकजुटता और संगठनात्मक क्षमता को देखकर मन अत्यंत प्रफुल्लित है। यह एकता ही समाज की असली पहचान और ताकत है।

उन्होंने नव-निर्वाचित अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारियों से अपेक्षा कि शिक्षा के प्रचार-प्रसार, युवाओं को उचित मार्गदर्शन देने, कुरीतियों को दूर करने और सामाजिक समरसता स्थापित करने के लिए नई ऊर्जा एवं संकल्प के साथ कार्य करेंगे।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, वरिष्ठ भाजपा



नेता राकेश तिवारी, संतोष पाण्डेय, रविंद्र शर्मा, मनीष मिश्रा, भुवन ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित थे। देवांगन समाज से रमेश देवांगन, पवन देवांगन, महेश देवांगन, सेवकराम देवांगन, उदयराम देवांगन, केशव देवांगन, लोमस देवांगन, हेमंत देवांगन, अजीत देवांगन, गोपाल देवांगन, मुकेश देवांगन, रोहित देवांगन, प्रमोद देवांगन, कोदूराम देवांगन, रोमन देवांगन, कामता देवांगन, कुलेश्वर देवांगन, सुखराम देवांगन, नारायण देवांगन समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, मातृशक्ति एवं युवा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नैनो उर्वरकों के उपयोग से बढ़ी किसान की आय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजा

जिले के ग्राम पंचायत गुडेलिया निवासी प्रगतिशील किसान रतन लाल निर्मलकर नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के उपयोग से खेती में बेहतर परिणाम प्राप्त कर रहे हैं। वे पिछले वर्ष से पारंपरिक रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर नैनो उर्वरकों का उपयोग कर रहे हैं। किसान रतन लाल लगभग 12 एकड़ भूमि में खेती करते हैं, जिसमें 5 एकड़ उनकी स्वयं की भूमि है।

उन्होंने बताया कि नैनो यूरिया और नैनो डीएपी आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं तथा इनकी कीमत भी अपेक्षाकृत कम है, जिससे खेती की लागत में कमी आई है। रतन लाल निर्मलकर के अनुसार नैनो उर्वरकों के नियमित उपयोग से फसलों की वृद्धि बेहतर हुई है और उत्पादन में भी संतोषजनक बढ़ोतरी देखने को मिली है। उन्होंने बताया



कि इन उर्वरकों के प्रयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बनाए रखने में मदद मिल रही है, जिससे भूमि की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। कम मात्रा में अधिक प्रभावी परिणाम देने वाले नैनो उर्वरक किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। उन्होंने अन्य किसानों से भी आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने तथा नैनो उर्वरकों के उपयोग के माध्यम से कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने की अपील की है।

### योग आयोग को आयुष विभाग में समायोजित करने सीएम का जताया आभार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा योग आयोग को समाज कल्याण विभाग से पृथक कर आयुष विभाग में समायोजित करने के निर्णय का योग जगत, योग आयोग से जुड़े पदाधिकारियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है। योग से जुड़े पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री तथा राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि इस निर्णय से प्रदेश में योग गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी तथा आयुष विभाग के माध्यम से योग के क्षेत्र में और अधिक प्रभावी कार्य किए जा सकेंगे। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ योग आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा का कुछ दिनों पूर्व ही आकस्मिक निधन हुआ है। यह समायोजन उनका सपना था, ऐसा कहा जा रहा है और इस पर्यन्त उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से भेंट कर समायोजन के लिए निवेदन भी किया था।

**इसके बगैर आवेदन भी नहीं**

# ऑनलाइन एजूकेशन के लिए आईडी होगी अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में सत्र जुलाई 2026 के लिए दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी इग्नू के आधिकारिक पोर्टल पर 15 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश के लिए कोई भी अधिकतम आयु सीमा नहीं है। इच्छुक छात्र-छात्राएं अपने घर से ही ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इग्नू के अनुसार अभ्यर्थी स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं।

- जुलाई सत्र के लिए आवेदन प्रारंभ कर चुका है इग्नू
- 15 जुलाई तक फॉर्म भर सकते हैं विद्यार्थी, कई निशुल्क पाठ्यक्रम भी

प्रवेश आवेदन, सभी दस्तावेज और फीस ऑनलाइन ही जमा करनी होगी। ऐसे विद्यार्थी जो किसी भी कारण से रेगुलर कॉलेज और विश्वविद्यालय में नहीं जा सकते, वे इग्नू के माध्यम से पढ़ाई कर डिग्री हासिल कर सकते हैं। कई ऑनलाइन पाठ्यक्रम ऐसे भी हैं, जो निशुल्क हैं। हालांकि ऐसे पाठ्यक्रम अथवा कोर्स की संख्या सीमित है।

### यह है डीईबी आईडी

डिस्टेंस एजूकेशन ब्यूरो आईडी अर्थात डीईबी आईडी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा भारत में ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग या ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने वाले छात्रों के लिए शुरू की गई एक विशिष्ट डिजिटल पहचान है। इसे लागू करने का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि छात्र केवल मान्यता प्राप्त उच्च शिक्षा संस्थानों और वैध पाठ्यक्रमों में ही प्रवेश लें, जिससे फर्जी नामांकन पर रोक लग सके। डीईबी आईडी बनाने के लिए अकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट आईडी होना आवश्यक है।

### डिजीलॉकर के जरिए निर्माण

*विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार, ऑनलाइन डिस्टेंस लर्निंग अथवा किसी भी प्रकार के ऑनलाइन कार्यक्रम में आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए डीईबी आईडी बनाना अनिवार्य है। यूजीसी-डीईबी सार्वजनिक सूचना के अनुसार, अब प्रत्येक शिक्षार्थी (अंतरराष्ट्रीय शिक्षार्थियों को छोड़कर) के लिए किसी भी ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) या ऑनलाइन (ओएल) पाठ्यक्रम में नामांकन से पहले अपनी एबीसी आईडी का उपयोग करके एक डीईबी-आईडी बनाना अनिवार्य है। विद्यार्थी यूजीसी-डीईबी वेब पोर्टल पर जाएं और अपने अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) आईडी का उपयोग करके डीईबी-आईडी जनरेट करें। यदि आपके पास एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) आईडी नहीं है, तो आप डिजीलॉकर के माध्यम से बना सकते हैं।*

**24 साल पुरानी दोस्ती और यादों का हुआ भावनात्मक मिलन**

# 24 साल बाद मिले आरएलबी स्कूल के 2001 बैच के छात्र, पुरानी यादें ताजा कर हुए भावुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

आर एल बी हायर सेकेंडरी स्कूल, बलौदाबाजार के वर्ष 2001 के प्रथम बैच के विद्यार्थियों का बहुप्रतीक्षित रियूनियन समारोह 24 वर्षों बाद होटल गौरव प्राइड में हर्षोल्लास, आत्मीयता और भावनात्मक माहौल के बीच संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व छात्र-छात्राओं ने विद्यालयीन दिनों की सुनहरी यादों को ताजा करते हुए एक-दूसरे के साथ बिताए गए अविस्मरणीय पलों को साझा किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात दिवंगत साथियों स्वर्गीय भानु, स्वर्गीय तरुण, स्वर्गीय ऋषिकेश एवं स्वर्गीय जयप्रकाश को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी स्मृतियों को नमन किया गया।



उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने अपना परिचय देते हुए जीवन के अनुभव, संघर्ष, उपलब्धियां तथा विद्यालयीन संस्मरण साझा किए।

समारोह के दौरान विभिन्न मनोरंजक खेलों एवं समूह गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गीत-संगीत, नृत्य और हास-परिहास से पूरा वातावरण जीवंत और उल्लासपूर्ण बना रहा। देश-विदेश के विभिन्न शहरों एवं क्षेत्रों में कार्यरत पूर्व विद्यार्थियों ने एक-दूसरे की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित करने का संकल्प लिया। यह रियूनियन केवल एक मिलन समारोह नहीं, बल्कि 24 वर्षों से संजोई गई मित्रता, अपनत्व, स्मृतियों और भावनात्मक जुड़ाव का उत्सव बन गया।

### ये रहे उपस्थित

समारोह में आलोक तिवारी, आशुतोष अग्रवाल, नूतन कुमार सेन, प्रशांत निषाद, आशीष वाकड़े, नीता जोशी, शतेंद्र सिन्हा, ओमी वर्मा, गेवेंद्र वर्मा, रितु उपाध्याय, विवेक वर्मा, सौरभ वर्मा, अभिनव पाठक, रविश धुरंधर, सुनीता वर्मा, अभिषेक साहू, मनीला, रानू सोनी, आशीष वर्मा, ऋचा शुक्ला, राजा पांडे, स्मिता तिवारी, राज साहू, कमलेश धृतलहरे, गणेश शंकर साहू, विनय केसरवानी, राहुल पॉल, लोकनाथ पटेल, राजेश साहू, रेशम लाल, जागेश्वर, बृजेश पटेल, विकास साहू, ओंकार वर्मा, कृष्ण कुमार, महेंद्र बंजारे, संकेत तिवारी, हेमलता साहू एवं ईश्वर साहू सहित कुल 40 पूर्व विद्यार्थी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## पेज 11 का शेष

पेज 11 का शेष

### अर्जुनी में गंदगी से ....

बाजार संचालित होता है, लेकिन बाजार में नालियों कचरे का नियमित साफ सफाई नही होने के कारण गंदगी का आलम व्याप्त रहता है वंही इस दिशा में सब्जी कोचियों को भी सब्जी के अवशेष इर्द गिर्द नही फेखने को लेकर सख़्त आदेश देने की जरूरत है। जिससे बाजार चौक में गंदगी ना पसर पाए । आमतौर पर बरसात के मौसम में यह समस्या बढ़ जाती है जिससे डेंगू, मलेरिया जैसे गंभीर बीमारियों की आशंका बढ़ती है फिर भी ग्राम पंचायत की अनदेखी समझ से परे है।